प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित करीब 19 सौ अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र।
2. विधानसभा उपचुनाव के लिये नामांकन की अंतिम तिथि कल : 8 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर रालोद ने उतारा प्रत्याशी : इंडी गठबंधन सभी सीटों पर सपा के सिम्बल पर लड़ेगा चुनाव।
3. दीपावली और छठ को देखते हुए परिवहन निगम 29 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक चलायेगा चार हजार अतिरिक्त बसें : दिल्ली से आने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत।

और

4. अयोध्या में दीपोत्सव पर 1100 वेदाचार्यों संग सरयू आरती कर बनाया जाएगा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड : केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 19 सौ 50 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इनमें 1,526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी और 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर

पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा पहले नौकरी और रोजगार के लिए देश के अलग–अलग क्षेत्रों में भटकते थे, लेकिन आज उन्हें अपने ही प्रदेश और अपने ही जनपद में नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि योग्य लोगों का चयन कर उनकी योग्यता और क्षमता का उपयोग प्रदेश के विकास के लिए किया जा सके। बाइट....

*हमने नियुक्ति की प्रक्रिया की सरकारी नियुक्तियां हो या निजी क्षेत्र में नियुक्तियां या संविदा के आधार पर व्यक्ति की योग्यता और उसकी क्षमता को ध्यान में रखकर के जब ये नियुक्ति की प्रक्रिया ईमानदारी से आगे बढ़ी तो परिणाम है कि हर एक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी के साथ दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। उस विकास का लाभ प्रतिभा के बेहतर पयोग का लाभ आज उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। जो छठी सातवीं अर्थव्यवस्था उत्तर प्रदेश की थी आज वो देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था के रूप में अपने अच्छे है।*

नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। फिरोज़ाबाद के कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां की हैं, जिसका युवाओं को काफी लाभ मिला है। बाइट...

*मैं उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री जी का बहुत साधुवाद व्यक्त करता हूँ क्योंकि उन्होंने बिना किसी खर्ची पर्ची के हमारे लगभग पंद्रह सौ सत्ताईस बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान किया है। बहुत बहुत धन्यवाद सरकार एवं सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगण का।*

————————

उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए आज 37 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। अब तक इन सीटों पर कुल 71 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मीरापुर सीट पर आज 6 प्रत्याशियों ने और कुंदरकी सीट पर 5 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। गाज़ियाबाद और मझवां विधानसभा के लिए 4–4, सीसामऊ, करहल और खैर सीट पर 2–2, कटेहरी से 3 और फूलपुर से 9 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। कानपुर की सीसामऊ सीट से आज बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र शुक्ला ने पर्चा भरा। वहीं मिर्ज़ापुर की मझवां सीट से बसपा प्रत्याशी दीपक तिवारी और सपा से ज्योति बिंद ने नामांकन दाखिल किया। मुज़फ्फरनगर की मीरापुर सीट से सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा ने भी आज पर्चा दाखिल किया। इन सीटों पर कल नामांकन की आखिरी तारीख है। वहीं भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने 8 विधानसभा सीटों पर आज उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट......

*भाजपा ने कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिष्मिता मौर्या, कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी और करहल की प्रतिष्ठित सीट पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव के मुकाबले अनुजेश यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट राष्ट्रीय लोकदल को दी गई है। इस सीट से रालोद ने मिथलेश पाल को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं इंडी गठबंधन सभी 9 विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी के सिम्बल पर*

*चुनाव लड़ेगा। बहुजन समाज पार्टी पहले ही सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की विभिन्न इकाइयों में उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल कर लिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रंजन कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश आभा आइडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री, स्कैन एण्ड शेयर मॉड्यूल में देश में पहले पायदान पर है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि 12.45 करोड़ आभा आईडी बनाकर राज्य को पहला स्थान मिला है। वहीं दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां अभी तक लगभग 5.46 करोड़ आभा आईडी बनायी गयी हैं। वहीं राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा संस्थान, चिकित्सालय, उपकेंद्रों का शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

———————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने बहराइच हिंसा के बाद अतिक्रमण हटाने के मामले में सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में सरकार के जवाब दाखिल न करने पर कल इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने नाराजगी जताई थी।

अदालत ने मामले से जुड़े सभी तथ्यों समेत जवाब दाखिल करने के लिये सरकार को दो दिन का समय और दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार नवम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्टशन ऑफ सिविल राइट्स की जनहित याचिका पर पारित किया।

————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव 25 अक्ट्बर तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 11 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। mygov, Namo एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज बांदा के कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दसवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के 22 मेधावी छात्र – छात्राओं को मेडल और 347 छात्र–छात्राओं को उपाधियां प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट वितरित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और शिक्षा विज्ञान के माध्यम से देश और समाज के विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित भी किया।

————————

दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिये उत्तर प्रदेश परिवहन निगम चार हजार अतिरिक्त बसें चलायेगा। अतिरिक्त बसें 29 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक चलाई जायेंगी। इन बसों को जरूरत के हिसाब से रूटों पर उतारा जायेगा। इस संबंध में एमडी मामूल अली सरवर ने अधिकारियों को बसों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये हं। श्री सरवर ने बताया कि दीपावली पर यात्रियों की सुविधा के लिये दिल्ली से लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या के लिये अतिरिक्त बसें चलाई जायेंगी। दिल्ली से आने वालों की संख्या ज्यादा होती है, ऐसे में इस रूट पर

अधिक बसें चलाई जायेंगी। अभी रोडवेज के बेड़े में 11 हजार बसें हैं, अतिरिक्त बसों क चलने से इनकी संख्या 15 हजार हो जायेगी।

————————

अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली दीपावली पर 28 से 30 अक्टूबर तक दीपोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन होंगे। इस बार आठवें दीपोत्सव में 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। पेश है एक रिपोर्ट.......

*दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में इस बार छह देशों के कलाकार रामलीलाओं का मंचन करेंगे। इसमें थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, मलेशिया व नेपाल के कलाकार हिस्सा लेंगे। वहीं देश के 16 राज्यों के कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। वहीं राम की पैड़ी पर सरयू नदी के बीच में भव्य स्टेज बनाया जाएगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही भव्य ड्रोन शो और म्यूजिकल लेजर शो भी होगा। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

गोरखपुर के रामगढ़ ताल में आयोजित सब जूनियर नेशनल रोइंग चंपियनशिप के पहले दिन आज 19 टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 20 राज्यों से 243 खिलाड़ी गोरखपुर पहुंचे हैं। यह

प्रतियोगिता 26 अक्टूबर तक चलेगी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि भविष्य में रामगढ़ ताल में नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

(समाप्त)